# 10. पगड़ी



मैली पगड़ी,
इतनी रगड़ी,
इतनी रगड़ी,
इतनी रगड़ी,
इतनी रगड़ी,
रह गया मैल,
न रह गई पगड़ी।

हट्टी-कट्टी,
मोटी-तगड़ी,
मलकिन झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
इतनी झगड़ी,
तर गया मैल,
और तर गई पगड़ी।



© NCERT not to be republished



## सफ़ाई

**मालकिन ने मैली पगड़ी खूब रगड़ी। तुम इन चीज़ों को किससे साफ़ करोगे?**




1. कागज़ ........................................
2. बर्तन ........................................
3. पत्ते ........................................
4. जूते ........................................
5. दाँत ........................................

**पगड़ी को खूब रगड़ा तो पगड़ी फट गई। बताओ, इनको खूब रगड़ोगे तो क्या होगा?**

1. कागज़ ........................................
2. बर्तन ........................................
3. जूते ........................................
4. स्वेटर ........................................
5. फ़र्श ........................................चमक जाएगा।

© NCERT not to be republished

